प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या- 85/2016/2851/33-3-2016-271/2016

प्रेषक,

चंचल कुमार तिवारी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त, मण्डलायुक्त उ0प्र0।
2. समस्त, जिलाधिकारी, उ0प्र0

पंचायती राज अनुभाग-3 **लखनऊः दिनांकः 15 नवम्बर, 2016**

विषय- डेंगू, चिकनगुनिया तथा मलेरिया आदि बीमारियों की रोकथाम हेतु प्राथमिकता पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के आनलाइन शासनादेश संख्या- 54/2016/2454/33-3-2016-271/2016 दिनांक 21.09.2016 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा पत्र में निर्हित बिन्दुओं पर अनुपालन किया जाना अनिवार्य था।

2- अतः पुनः आपसे अपेक्षा की जाती है कि डेंगू, चिकनगुनिया तथा मलेरिया आदि मच्छर जनित बिमारियों के फैलने के बचाव के दृष्टिगत उ0प्र0 की समस्त ग्राम सभाओं में एकत्र पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें जिससे मच्छर एवं उनके लार्वा न पनप सकें। इस हेतु दवाओं का छिड़काव भी कराया जाय जिसमें चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाय। ग्राम पंचायतों में उक्त कार्य कराये जाने हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है। ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा जन-सहभागिता से अपने क्षेत्रान्तर्गत ग्रामों में सफाई का विशेष अभियान चलाया जाय। ग्राम सभाओं में तैनात सफाई कर्मचारियों को भी अपनी तैनाती के ग्राम सभा के अन्तर्गत सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, कूड़ा-कचरा हटाने, पानी के ठहरने के स्थानों को चिन्हित करते हुए उसकी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नालियों की सफाई नियमित रूप से करने हेतु निर्देशित कर दिया जाय और इस कार्य का समुचित पर्यवेक्षण किया जाय। साथ ही ग्रामवासियों को एकत्र दूषित जल की निकासी तथा सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाय। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रार्थना के उपरान्त उक्त बीमारियों के कारकों तथा बचाव के सम्बन्ध में अवगत कराया जाय।

3- प्रदेश में दिनांक 01.09.2016 से 30.09.2016 तक स्वच्छ ग्राम, स्वच्छ प्रदेश अभियान के क्रियान्वयन विषयक आनलाइन शासनादेश संख्या- 40/2016/2276/ 33-3-2016 -227/2016 दिनांक 29.08.2016 तथा निदेशक पंचायतीराज उ0प्र0 के पत्र संख्या- 5/33212(क)/2016-5/190/2016 दिनांक 31.08.2016 के द्वारा आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुरोध किया गया है कि बरसात में प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष सफाई अभियान विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर करके सभी सफाई कर्मियों को ग्राम-पंचायतवार 2 से 5 दिन का रोस्टर बनाकर गन्दी गलियों, बन्द नालियों एवं हैण्डपम्पों के चारो ओर अन्य पेयजल स्रोतो के आस-पास एवं तालाब के इनलेट की सफाई सुनिश्चित किया जाय। यदि किसी ग्राम पंचायत में अभियान के दौरान सफाई कर्मियों के संख्या में कमी पायी जाती है तो ग्राम पंचायत, अन्य श्रमिक की सहायता लेकर उक्त अभियान को पूर्णतः सफल बनाया जाय।

4- ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति-समस्त ग्राम सभाओ/ग्राम पंचायतो में आयोजित अभियान के दौरान, ग्राम प्रधान के सहयोग से विशेष बैठक का आयोजनकरते हुए ग्राम सभा/ग्राम पंचायतों में स्वच्छता की

Shasnadesh.up.nic.in

स्थिति की चर्चा कूडे का निस्तारण जल भराव वाले गड्डे एवं नालियों की स्थिति, शौचालयों की स्थिति व साफ-सफाई आदि पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा लोगों को उक्त अभियान के उद्देश्यों से जागरूक कराया जाय।

5- मच्छरो के बढ़ने व पैदा न होने देने हेतु रूके हुए पानी में लार्वा को नष्ट करने वाली दवा का छिड़काव कराना, स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, मच्छरदानी का आदि से लोगों को जागरूक कराने के उद्देश्यों से दीवाल लेखन समूह बैठक स्कूली बच्चों की रैली/आशा बहुओं/ए0एन0एम0/ए0डब्लू0डब्लू0/आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि की पूर्ण सहभागिता/गतिविधि के माध्यम से अभियान सफल बनाने में सभी की भाकीदारी एवं सहयोग लिया जाय।

6- अभियान को सफल बनाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर, मनरेगा 14 वां वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/स्वास्थ्य विभाग/बाल विकास एवं पुष्टिहार विभाग के अन्तर्गत धनराशि की व्यवस्था है। हर स्तर पर सहयोग अपेक्षित है।

7- उक्त अभियान के लिए शासन द्वारा जारी पत्र दिनांक 29.08.2016 एवं दिनांक 21.09.2016 में निहित दिशा निर्देशों के अनुसार अब तक की गई कार्यवाही से हुई प्रगति की सूचना निदेशक पंचायतीराज एवं शासन को एक पक्ष के अन्दर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

यदि किसी स्तर पर लापरवाही/शिथिलता परिलक्षित होती है तो सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाये।

भवदीय,

(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक- तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. कृषि उत्पादन आयुक्त उ0प्र0 शासन/प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग।
3. निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0।
4. उप निदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण प्रकोष्ठ उ0प्र0।
5. प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग उ0प्र0 शासन।
6. सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 शासन।
7. प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उ0प्र0 शासन।
8. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी उ0प्र0।
9. समस्त मुख्य विकास अधिकारी उ0प्र0।
10. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) उ0प्र0।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(चंचल कुमार तिवारी)
प्रमुख सचिव।

Shasnadeshup.nic.in